श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, सहित अन्य मौजूद थे।

**विशेष अभियान • निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में चल रहा है काम, नालियों की हुई सफाई**

# संजय बाजार में बनाई गई दोपहिया वाहन पार्किंग

भास्कर न्यूज | जगदलपुर

संजय बाजार में पार्किंग को लेकर अब लोगों को कोई विशेष परेशानी नहीं होगी। सालों बाद निगम ने बाजार से लगे इलाके में दो जगहों पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की है तो वहीं बाजार के अंदर जहां पर पहले कचरा डंप रहता था वहां पर पिकअप व अन्य चार पहिया वाहनों की पार्किंग हो रही हैं। जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है।

निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि संजय बाजार में वाहनों की पार्किंग को लेकर हमेशा समस्या उत्पन्न होती रही है विशेष कर रविवार के दिन बाजार में पार्किंग व्यवस्था का विशेष दबाव बना रहता था। निगम प्रशासन के द्वारा उक्त स्थल को खाली कराकर वहां पर निर्माण कार्य कर पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है। संजय बाजार में पार्किंग प्रारंभ होने से वहां आने वाले लोग एवं बाजार के व्यापारियों के द्वारा अपनी दुपहिया वाहन पार्किंग स्थल में खड़ा कर बाजार जा रहे हैं। अब संजय बाजार में दुपहिया वाहन के पार्किंग को लेकर समस्या उत्पन्न नहीं हो रही है।

## चांदनी चौक के मुख्य पुलिया एवं नाली की हुई सफाई

शहर चांदनी चौक के पास का नाला व पुलिया जो कई वर्षों से जाम रहा । इसके चलते बारिश में लगातार जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी । महीनों से सफाई नहीं होने के कारण नाली में पानी का बहाना लगभग बंद हो गया था और बारिश के समय में पानी पूरा रोड में आने के कारण आम नागरिकों परेशानी का सामना करना पड़ रहा था । लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन लगातार सजगता के साथ कार्य कर रहा है। रैंकिंग में गिरावट आने के बाद अब निगम आयुक्त हरेश मंडावी सफाई व्यवस्था को लेकर प्लानिंग के साथ कार्य कर रहे हैं जिसका सार्थक परिणाम चांदनी चौक में देखा जा रहा है। बरसों पुरानी बंद पुलिया को खुलवाया गया । इसके साथ ही आयुक्त के मॉनिटरिंग में काम किया जा रहा है। चांदनी चौक की पुलिया सफाई मे लगभग एक माह का समय लगा। जिसके परिणाम स्वरूप आज चांदनी चौक पुलिया एवं नाली की पूरी तरह सफाई किया। इसके खुलने से लोगों को अब परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। आयुक्त ने कहा कि अब अगला लक्ष्य शहीद पार्क के पास के बड़े जाम नाला को साफ़ कराना है ।यह कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जल्द ही इस काम को पूरा कर लोगों को राहत दी जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

# 12 दुकानें सील होने के बाद देर शाम पहुंचे 5 दुकानदारों ने पटाया टैक्स

**जगदलपुर।** नगर निगम की दुकानों का बकाया किराया जमा नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ निगम अमले ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को अमले ने मूर्त लाइन स्थित निगम की दुकानों का टैक्स नहीं पटाने वाले दुकानदारों के द्वारा किराया नहीं पटाया जा रहा था। जिसके चलते पहले दिन कार्रवाई करते हुए 12 दुकानों को सील किया गया। मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ने कहा कि आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर यह कार्रवाई गई।

कार्रवाई में चंदन प्रजापति, दिनेश सिंह, कुलदीप पाणिग्रही शामिल थे। इधर दूसरी ओर दुकान सील होने के बाद देर शाम पांच दुकानदार निगम कार्यालय पहुंचे



जगदलपुर। दुकान को सील करते निगम के अधिकारी व कर्मचारी।

और उन्होंने बकाया टैक्स जमा कर दिया। गौरतलब है कि निगम के द्वारा शहर में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत अलग-अलग इलाकों में 200 से अधिक दुकानें संचालित हो रही हैं।

## अधिकारियों ने नहीं सुनी और सील कर दी दुकानें


बकाया टैक्स वसूलने के लिए निगम के द्वारा शुरू की कार्रवाई का विरोध कई दुकानदारों ने किया। दुकानदारों ने अधिकारियों से कहा दो साल कोरोना के चलते उनका कारोबार प्रभावित रहा। जिसके चलते वे समय पर टैक्स नहीं पटा पाए। अब एक साथ पूरा टैक्स जमा करना काफी मुश्किल है। उनको राहत देते हुए तीन से चार किश्त में पूरा टैक्स जमा करने का समय दिया जाए। लेकिन दुकानदारों की बातों का कोई असर अधिकारियों व कर्मचारियों पर नहीं पड़ा। इसके बाद कुछ दुकानदारों का आयुक्त से हुई बात के बाद उन्होंने दुकान को सील करने दिया।

Scanned with OKEN Scanner

# सालों से जाम चांदनी चौक पुलिया की सफाई, आगे लक्ष्य शहीद पार्क का नाला

- बारिश के दिनों में इसी वजह से होती थी जल भराव की समस्या

**अमन पथ न्यूज़**



जगदलपुर। चांदनी चौक स्थित नाला और पुलिया की सफाई सालों से नहीं हो पाई थी। बारिश मे लगातार चांदनी चौक में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी जिससे लोगों को काफी समस्या उत्पन्न होती थी। नाली जाम होने की वजह से पानी का बहना लगभग बंद हो गया था और बारिश में पानी रोड पर आ जाता था। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामाना करना पड़ता था। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन लगातार सजकता के साथ कार्य कर रहा है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि हम सफाई व्यवस्था को लेकर प्लानिंग के साथ काम कर रहे हैं जिसका सार्थक परिणाम चांदनी चौक में देखा जा रहा है। बरसों पुरानी बंद पुलिया को लगातार कार्य करते हुए बंद पुलिया को खुलवाया गया है। इस पुलिया को खोलने के लिए लगातार कार्य आयुक्त की मॉनिटरिंग में किया गया। चांदनी चौक की पुलिया सफाई मे लगभग एक माह का समय लगा। सफाई के दौरान कई प्रकार के सांप ,बिच्छू एवं मछलियां भी निकली। इसके बावजूद निगम की टीम लगातार काम करती रही। आयुक्त ने कहा कि अगला लक्ष्य शहीद पार्क के पास का बड़ा नाला है।

Scanned with OKEN Scanner

# निगम ने संजय बाजार में बनवाई दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग



अमन पथ न्यूज

जगदलपुर। संजय बाजार में पार्किंग को लेकर के हमेशा समस्या उत्पन्न होती रही है। विशेष कर रविवार के दिन बाजार में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान होते रहे हैं। आयुक्त हरेश मंडावी ने संजय बाजार का निरीक्षण करते हुए बाजार में पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इस पर निगम प्रशासन के द्वारा निर्धारित जगह को खाली करवाकर वहां पर निर्माण कार्य कर पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। पार्किंग शुरू होने से आने वाले लोग और बाजार के व्यापारियों के द्वारा अपनी दुपहिया वाहन पार्किंग स्थल में खड़ा किया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

**सख्ती :** सालों से अदा नहीं किया कर, वसूली के बजाए निगम भी बैठा रहा अब तक शांत

# शासन का डंडा चला तो निगम के पिटारे से बाहर निकले बकाएदार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जगदलपुर .** शासन का डंडा चलने के बाद अब नगर निगम ने हाथ पैर चलना शुरू कर दिया है। निगम के पिटारे से ऐसे-ऐसे बकाएदार निकलकर सामने आ रहे हैं, जिन्होंने 20 साल से कर अदा ही नहीं किया था। लाखों रुपए बकाया होने के बाद भी न तो कर निरीक्षक और निगम के अफसरों ने इनसे वसूली करने के बारे में सोचा। नई सरकार के गठन और उपमुख्यमंत्री की दो टूक के बाद नगर आयुक्त ने 15 रसूखदारों के नाम सार्वजनिक कर दिए हैं। 15 से 20 साल बाद सामने आए इन नामों से अब निगम सख्ती के साथ बकाया कर की वसूली की बात कर रहा है। अफसर भी इनसे वसूली करने के लिए मातहतों पर दबाव बना रहे हैं।

हालांकि अभी तक यह भविष्य के गर्त में है कि किससे और कितनी बकाया राशि किस तरह वसूल की जाती है। हालांकि निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा है कि बड़े बकायदारों को लगातार नोटिस दिया जा रहा था लेकिन इसके बावजूद उनकी ओर से बकाया टैक्स जमा नहीं किए जाने पर नाम सार्वजनिक किया गया है।



## डिप्टी सीएम ने कहा है वसूली नहीं तो कार्रवाई

**नई** सरकार के आने के साथ ही निकायों में राजस्व वसूली को लेकर लगातार कार्रवाई हो रही है। डिप्टी सीएम और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने निकायों के अफसरों की पहली ही बैठक में कह दिया था कि राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो राजस्व निरीक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक के बाद ही निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के सहायक राजस्व निरीक्षकों के प्रभार बदल दिए थे।

**निगम वार्डो में कैंप लगाकर लोगों को टैक्स पटाने कर रहा जागरूक :** नगर निगम ने पहली बार राजस्व वसूली के लिए वार्डों में कैंप लगाने की शुरुआत की है। कैंप के माध्यम से लोगों को अलग-अलग तरह के निगम के टैक्स पटाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। लोगों से सहायक राजस्व निरीक्षक टैक्स समय पर पटाने और इससे होने वाले फायदे के बारे में बता रहे हैं। इस बीच निगम आयुक्त ने बड़े बकायदारों से भी वसूली तेज करने के निर्देश राजस्व अमले को दिए हैं। अब यह देखना होगा कि बकायदारों से कितनी राशि वसूली हो पाती है।

### निगम ने इन पर बताया बकाया

पूरन खन्ना, नारायण खन्ना, गणपति रेस्टोरेंट, चंद्रप्रभा दुबे, सुगम पेट्रोलियम, अनिल, सुनील तिवारी, राम कुमारी, भरत लाल वर्मा, अमरजीत सिंह , रामप्यारी भदौरिया, दीरावती, ललिता शुक्ला, सुरेश, संदीप मनीष जैन, माधुरी जैन, निलेश कोमल जैन, बस्तर परिवहन संघ, जेसी विश्वास, सरस्वती पेड़ी परबोईलिंग, दंतेश्वरी टाईल्स।

**लापरवाही :** मंडी ने संभाग भर में किसानों से खरीदा 32 लाख 22 हजार 760 क्विंटल मक्का

# निगम ने संजय बाजार में बनवाई दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग



बाजार में जगह निर्धारित कर पार्किंग की व्यवस्था लागू कर दी गई है।


**जगदलपुर @ पत्रिका**. संजय बाजार में पार्किंग को लेकर के हमेशा समस्या उत्पन्न होती रही है। विशेष कर रविवार के दिन बाजार में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान होते रहे हैं।

आयुक्त हरेश मंडावी ने संजय बाजार का निरीक्षण करते हुए बाजार में पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इस पर निगम प्रशासन के द्वारा निर्धारित जगह को खाली करवाकर वहां पर निर्माण कार्य कर पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। पार्किंग शुरू होने से आने वाले लोग और बाजार के व्यापारियों के द्वारा अपनी दुपहिया वाहन पार्किंग स्थल में खड़ा किया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

साफ-सफाई : जल भराव की थी समस्या

# सालों से जाम चांदनी चौक पुलिया की हुई सफाई




सफाई के बाद साफ नजर आने लगी है पुलिया

**जगदलपुर @ पत्रिका** . चांदनी चौक स्थित नाला और पुलिया की सफाई सालों से नहीं हो पाई थी। बारिश मे लगातार चांदनी चौक में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी जिससे लोगों को काफी समस्या उत्पन्न होती थी। नाली जाम होने की वजह से पानी का बहना लगभग बंद हो गया था और बारिश में पानी रोड पर आ जाता था। इससे आम नागरिकों को परेशानी का सामाना करना पड़ता था। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन लगातार सजकता के साथ कार्य कर रहा है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि हम सफाई व्यवस्था को लेकर प्लानिंग के साथ काम कर रहे हैं जिसका सार्थक परिणाम चांदनी चौक में देखा जा रहा है।

बरसों पुरानी बंद पुलिया को लगातार कार्य करते हुए बंद पुलिया को खुलवाया गया है। इस पुलिया को खोलने के लिए लगातार कार्य आयुक्त की मॉनिटरिंग में किया गया। चांदनी चौक की पुलिया सफाई मे लगभग एक माह का समय लगा। सफाई के दौरान कई प्रकार के सांप, बिच्छू एवं मछलियां भी निकली।

# संजय बाजार में दुपहिया वाहनों के पार्किंग के लिए व्यवस्था बनाने से हुई सुविधा

## पार्किंग निर्माण से बाजार के व्यापारियों एवं जनमानस में निगम के द्वारा की गई व्यवस्था पर दिया साधुवाद

**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**



संजय बाजार में पार्किंग प्रारंभ होने से वहां आने वाले लोग एवं बाजार के व्यापारियों के द्वारा अंपनी दुपहिया वाहन पार्किंग स्थल में खड़ा कर बाजार जा रहे हैं । नगर निगम के द्वारा तैयार की गई पार्किंग के निर्माण से बाजार के व्यापारियों एवं जनमानस ने नगर निगम की इस कार्य के लिए साधुवाद दिया है।


नगर पालिक निगम के तहत संजय बाजार में पार्किंग को लेकर के हमेशा समस्या उत्पन्न होती रही है, विशेषकर रविवार के दिन बाजार पर पार्किंग व्यवस्था का विशेष दबाव बना रहता था, लेकिन अब नपानि आयुक्त हरेश मण्डावी की पहल पर यहां पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त कर ली गयी है।

### अब नहीं रहेगी समस्या

ज्ञात हो कि विगत दिनों आयुक्त हरेश मंडावी के द्वारा संजय बाजार का निरीक्षण कर पार्किंग समस्या से अवगत होकर उसको निजात दिलाने को लेकर सजकता के साथ संबंधित अधिकारियों को संजय बाजार के सामने दोनों तरफ खाली पड़े स्थल पर पार्किंग प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया था, जिस पर निगम प्रशासन के द्वारा उक्त स्थल को खाली कराकर वहां पर निर्माण कार्य कर पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। अब संजय बाजार में दुपहिया वाहन की पार्किंग को लेकर किसी तरह की समस्या उत्पन्न नहीं हो रही है।

Scanned with OKEN Scanner

# वर्षों से जाम पड़ी चांदनी चौक की बड़ी नाली की हुई सफाई



**सफाई का अगला लक्ष्य शहीद पार्क चौक की पुलिया एवं नाली होगा**

**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**

शहर के चाँदनी चौक के पास का नाला व पुलिया जो कई वर्षों से जाम रही बारिश में लगातार यहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी, जिससे लोगों को काफी समस्या उत्पन्न होती थी, जिसमें नाली में पानी का वहाना लगभग बंद हो गया था और बारिश के समय में पानी पूरा रोड में आने के कारण आम नागरिकों परेशानी का सामाना करना पड़ रहा था, लेकिन इस नाली की अब सफाई कर ली गयी है।

ज्ञात हो कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन लगातार सजकता के साथ कार्य कर रहा है, निगम आयुक्त हरेश मंडावी सफाई व्यवस्था को लेकर प्लानिंग के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसका सार्थक परिणाम चांदनी चौक में देखा जा रहा है। बरसों पुरानी बंद पुलिया को लगातार कार्य करते हुए बंद पुलिया को खुलवाया गया है, इस पुलिया को खोलने के लिए लगातार आयुक्त के मॉनिटरिंग में किया गया, चांदनी चौक की पुलिया सफाई मे लगभग एक माह का समय लगा जिस पर लगातार कार्य करते हुए पुलिया की सफाई की गयी।

## अगला टारगेट शहीद पार्क चौक : आयुक्त

आयुक्त हरेश मंडावी का अगला लक्ष्य शहीद पार्क के पास के बड़े जाम नाले को साफ़ कराना है, जिसके लिए आयुक्त के सतत मॉनिटरिंग में सफाई करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसे जल्द कुछ दिनों में सफाई करने का कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा पुलिया एवं नाली की सफाई उपरांत आप नागरिकों को परेशानी नहीं होगी।

## सांप, बिच्छू और मछलियां भी निकले

पुलिया की सफाई के दौरान कई प्रकार के सांप, बिच्छू एवं मछलियां भी निकाले गये, परंतु निगम की टीम के द्वारा लगातार पुलिया की सफाई का कार्य करते रहे, जिसके परिणाम स्वरूप आज चांदनी चौक पुलिया एवं नाली की पूरी तरह सफाई हो चुकी है। इसके खुलने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।


**नवभारत** | **क्लासीफा**

www.navabharat.org

**आवश्यकता**

आनंद होमकेयर में काम करने हेतु लड़कियों एवं महिलाओं को आवश्यकता है. मरीजों, बुजुंगो एवं बेबी केयर के लिए ट्रेनिंग फ्री रहना-खाना फ्री, वेतन-10,000से 12,000/-, मो.-97528-41977, 9752391977, 83492-41955.(253546)

बीमा कम्पनी में अभिकर्ताओं की भर्ती का आवेदन जारी 2/02/24 से 10/02/24 तक आयु 25 वर्ष

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु स्टॉफ की, ड्राइविंग जानने वालो को प्राथमिकता. संपर्क-अनंत शाह, माधव एंपायर, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर. मो.-9479122124.(253570)


**कंप्यूटर कर्मी**

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसे (सेप) सोफ्टवेयर चलाने की सम्पूर्ण जानकारी हो. वेतन योग्यतानुसार. सम्पर्क करें- मो.-9425206563, 79998 66067.

# बरसों से जाम चांदनी चौक का पुलिया व नाली की हुई सफाई

**हरिभूमि न्यूज >> जगदलपुर**

नगर पालिक निगम के तहत चांदनी चौक के पास का नाला व पुलिया जो कई वर्षों से जाम रहा बारिश में लगातार चांदनी चौक में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी जिससे लोगों को काफी समस्या उत्पन्न होती थी। नाली में पानी का बहना लगभग बंद हो गया था और बारिश के समय में पानी सड़क में आने के कारण आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन लगातार सजकता के साथ कार्य कर रहा है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी सफाई व्यवस्था को लेकर प्लानिंग के साथ कार्य कर रहे हैं। जिसका सार्थक परिणाम चांदनी चौक में देखा जा रहा है। बरसों पुरानी बंद पुलिया की सफाई कर खुलवाया गया। इस पुलिया को खोलने के लिए लगातार कार्य आयुक्त के मॉनिटरिंग में किया गया। चांदनी चौक की पुलिया सफाई में लगभग एक माह का समय लगा। जिस पर लगातार कार्य करते हुए पुलिया की



सफाई किया गया। पुलिया की सफाई के दौरान कई प्रकार के सांप, बिच्छू एवं मछलियां भी सफाई के दौरान निकाला। परंतु निगम की टीम के द्वारा लगातार पुलिया की सफाई का कार्य किया गया जिसके परिणाम स्वरूप आज चांदनी चौक पुलिया एवं नाली की पूरी तरह सफाई किया गया। इसके खुलने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आयुक्त का अगला लक्ष्य शहीद पार्क के पास के बड़े जाम नाला को साफ कराना है। जिसके लिए आयुक्त के सतत मॉनिटरिंग में सफाई करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसे जल्द कुछ दिनों में सफाई करने का कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

# संजय बाजार में दोपहिया वाहन पार्किंग बनाने से लोगों को हुई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर पालिका निगम के तहत संजय बाजार में पार्किंग को लेकर हमेशा समस्या उत्पन्न होती रही है। विशेष कर रविवार के दिन बाजार पर पार्किंग व्यवस्था का दबाव बना रहता था जिस पर आयुक्त हरेश मंडावी ने संजय बाजार का निरीक्षण पर बाजार की पार्किंग समस्या से अवगत होकर निजात दिलाने सजकता के साथ संबंधित अधिकारियों को बाजार के सामने दोनों तरफ खाली पड़े स्थल पर पार्किंग प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे। निगम प्रशासन ने उक्त स्थल को खाली कराकर वहां पर निर्माण कार्य कर पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। संजय बाजार में पार्किंग प्रारंभ होने से आने वाले लोग एवं बाजार के व्यापारियों के द्वारा अपनी दुपहिया वाहन पार्किंग स्थल में खड़ा कर बाजार जा रहे हैं। अब संजय बाजार में दुपहिया वाहन के पाकिंर्ग को लेकर समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

Scanned with OKEN Scanner